Mahendra's **Daily Current Affairs: 12.10.2021**

1-Prime Minister Narendra Modi dedicated to the nation 35 Pressure Swing Adsorption (PSA) Oxygen Plants established under PM CARES, across 35 States and Union Territories at AIIMS Rishikesh, Uttarakhand.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एम्स ऋषिकेश, उत्तराखंड में 35 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में पीएम केयर्स के तहत स्थापित 35 प्रेशर स्विंग ऐड्सॉर्प्शन (पीएसए) ऑक्सीजन संयंत्र राष्ट्र को समर्पित किए।

2-Argentina has recently approved the emergency use of the Chinese Sinopharm Covid-19 vaccine for children aged between three and 11.

अर्जेंटीना ने हाल ही में तीन से 11 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए चीनी सिनोफार्म कोविड-19 वैक्सीन के आपातकालीन उपयोग को मंजूरी दी है।

3-Reliance Retail Ventures Limited (RRVL) has entered into a Master Franchise agreement with 7-Eleven to run convenience stores in India.

रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) ने भारत में सैवेन-इलेवन के कन्वीनियंस स्टोर (घरेलू जरूरतों के सामान बेचने वाली दुकान) चलाने के लिए उसके साथ एक मास्टर फ्रेंचाइजी समझौता किया है।.

4-Chief minister Yogi Adityanath has announced that the medical college in Chandauli district will be named after Aghor Panth's legendary spiritual Guru, Baba Keenaram.

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की है कि चंदौली जिले के मेडिकल कॉलेज का नाम अघोर पंथ के महान आध्यात्मिक गुरु बाबा कीनाराम के नाम पर रखा जाएगा।

5-Finance Minister Nirmala Sitharaman performed bhumi pujan of 120 MW Lower Kopili Hydro Electric project at Dima Hasao district.

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने असम के दीमा हसाओ जिले में 120 मेगावाट की लोवर कोपिली जल विद्युत परियोजना के लिए भूमि पूजन किया।

6-With a view to realise the vision of Prime Minister Narendra Modi of building an Aatmanirbhar Bharat and to position India strongly on the Global textiles map, the Government has approved the setting up of 7 PM MITRA parks as announced in Union Budget for 2021-22.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक आत्मनिर्भर भारत के निर्माण और भारत को वैश्विक वस्त्र मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए, सरकार ने **2021-22** के केंद्रीय बजट में की गई घोषणा के अनुरूप **7** पीएम मित्र पार्कों की स्थापना को स्वीकृति दे दी है।

7-The Agricultural and Processed Food Products Export Development Authority (APEDA) facilitated exports of the first consignment of various value-added and nutri-rich products derived from Jackfruit, Passion fruit and Nutmeg (Jaiphal) sourced from farmers in Thrissur, Kerala, to Melbourne, Australia.

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने केरल के त्रिशूर के किसानों से प्राप्त कटहल, पैशन फ्रूट (सलीबी फल) तथा जायफल से बने मूल्य वर्धित तथा पोषण समृद्ध उत्पादों की पहली निर्यात खेप को ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न के लिए झंडी दिखाई।

8-As part of Birth Centenary celebrations of the Father of the Nation, Bangabandhu Sheikh Mujibur Rahman, His Excellency Mr Muhammad Imran, High Commissioner of Bangladesh honoured 10 Indian Naval War Veterans from across the country acknowledging their contribution in the liberation of Bangladesh in 1971 at a function hosted onboard BNS Somudra Avijan at Visakhapatnam.

बांग्लादेश के राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के जन्म शताब्दी के अवसर पर बांग्लादेश के उच्चायुक्त महामहिम श्री मुहम्मद इमरान ने **1971** में बांग्लादेश की आज़ादी में भारतीय नौसैनिकों के योगदान को याद करते हुए विशाखापत्तनम में बीएनएस सोमुद्रा अविजान पर आयोजित एक समारोह में देश भर से युद्ध में शामिल हुए भारतीय नौसेना के **10** पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया।

9-The Ministry of Tourism organized a Conference in Bodhgaya to promote potential of Buddhist tourism.

पर्यटन मंत्रालय ने बौद्ध पर्यटन की क्षमता को बढ़ावा देने के लिए बोधगया में एक सम्मेलन का आयोजन किया।

10-Russia successfully test fired a Zirkon hypersonic cruise missile from a nuclear submarine for the first time.

रूस ने पहली बार परमाणु पनडुब्बी से कल जिरकॉन हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया।